न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलैक्टर मुण्डावर जिला - अलवर।

पीठासीन अधिकारी श्री पंकज बड़गूजर- आर.ए.एस.
दावा संख्या 199/21 दायरा दिनांक 14-6-2021 निर्णय दिनांक 11-12-2021

1. किशोरी पुत्र जोखीराम जाति गुर्जर नि० मुण्डावर तहसील मुण्डावर जिला अलवर, राज०

— वादी

बनाम

1. छण्डीराम पुत्र जोखीराम
2. रामशरण पुत्र जोखीराम जातियान गुर्जर निवासीयान मुण्डावर तहसील मुण्डावर जिला अलवर, राज०
3. राजस्थान सरकार जर्ये लैण्ड होल्डर तहसीलदार मुण्डावर
4. उप पंजीयक मुण्डावर

— प्रतिवादीगण

दावा - तकासमा मय हु०ई० दवामी

उपस्थिति :- 1. श्री बस्तीराम यादव - वकील वादी
2. श्री रणवीर सिंह यादव - वकील प्रति० सं० 1 व 2

11-12-2021 आज यह पत्रावली राष्ट्रीय लोक अदालत में वास्ते सुनवाई पेश हुई। वकुलाय उभय पक्षकारान मय पक्षकारान उपस्थित आये। वादी ने आराजी खसरा नम्बर 734/0-80 है., 735/0-36, 736/0-44, 737/0-71, 738/0-01, 739/0-29, 740/... 741/0-29, 742/1-16, है० वाके ग्राम मुण्डावर तहसील मुण्डावर जिला अलवर ... तकासमा मय हुकमइम्तनाई दवामी का वाद पेश किया है।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर जर्ये

उपखण्डाधिकारी
मुण्डावर (अलवर) राज०

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Ba...
Date: 2022.07.05 13:14:31 IS...
Reason: SelfAttested

रजिस्टर्ड डाक के प्रतिवादीगण को तलब किये जाने पर बाद विधिवत तलबी प्रतिवादी सं. 01 व 02 ने हाजिर अदालत आकर जरिये अधिवक्ता जवाब दावा पेश किया जो शामिल पत्रावली है।

यह पत्रावली लोक अदालत में निस्तारण की भावना से पेश हुई एवं जिस बाबत पक्षकारान को पूर्व से राजीनामा हेतु प्रेरित किया गया था इसलिए पक्षकारान ने लिखित राजीनामा लिखवाया जाकर पेश किया। वादी की ओर से प्रस्तुत वाद में विवादित आराजी का तकासमा पक्षकारान में हिस्से अनुसार मौका कब्जा के अनुसार रास्ता कायम करते हुये तीनों सहखातेदारान की सुविधा को ध्यान में रखकर तकासमा की इबारत राजीनामा में लिखी गई है जिस पर वादी एवं प्रतिवादी संख्या 01 व 02 ने उपस्थित लोक अदालत आकर अपने-अपने अंगूठा निशानी / हस्ताक्षर किये जिनकी पहचान संबंधित अधिवक्तागण श्री बस्तीराम यादव वकील वादी एवं श्री रणबीर सिंह यादव वकील प्रतिवादी संख्या 01 व 02 ने की। प्रतिवादी संख्या 03 को उक्त बटवारा बाबत भी सुना गया। जिससे उनको कोई एतराज नहीं है। उक्त राजीनामा बाद तस्दीक शामिल पत्रावली किया गया। वकुलाय एवं उभय पक्षकारान को सुना गया जिसे सही होना स्वीकार किया। इस प्रकार वादी के वाद को बरूये राजीनामा यह न्यायालय स्वीकार योग्य पाता है।

## आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर ... राजीनामा वादी के तकासमा मय हुक्म इम्तनाई दवामी के आराजी खसरा नम्बरान हाल 734/0-80, 735/0-30, 736/0-44, 737/0-71, 738/0-01, 739/0-29, 740/0-57, 741/0-29, 742/1-16, हैक्टेयर वाके

उपखण्डाधिकारी
मुण्डावर (अलवर) राज०

Signature Not Verifi
Digitally signed by Pank
Date: 2022.07.05 13:14:
Reason: SelfAttested

ग्राम मुण्डावर तहसील मुण्डावर जिला-अलवर के बाबत के वादी के वाद को मुताबिक संलग्न राजीनामा एवं नक्शा के अंतिम डिक्री किया जाता है। राजीनामा "प्रदर्श-अ" एवं नक्शा "प्रदर्श-ब" उक्त अंतिम निर्णय एवं अंतिम पर्चा डिक्री के अभिन्न अंग रहेंगे। मुताबिक राजीनामा उभय पक्षकारान के अलग-अलग खाता, लगान कायम किये जाकर हल्का राजस्व रिकोर्ड में अमल दरामद किया जावे। तदानुसार अंतिम पर्चा डिक्री जारी हो। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील दाखिल जिला रेकर्ड भण्डार हो।

यह निर्णय आज दिनांक 11-12-2021 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर बाद हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से लोक अदालत में सुनाया गया।

उपखण्डाधिकारी
मुण्डावर (अलवर) राज०

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Badgujar
Date: 2022.07.05 13:14:31 IST
Reason: SelfAttested

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, मुण्डावर(अलवर)

पीठासीन अधिकारीः– पंकज बडगूजर (R.A.S.)

| दावा संख्या | रजू दिनांक | पर्चा डिक्री दिनांक |
|---|---|---|
| 199 / 2021 | 14 / 6 / 2021 | 11 / 12 / 2021 |

1. किशोरी पुत्र जोखीराम जाति गुर्जर निवासी मुण्डावर तहसील मुण्डावर जिला अलवर, राज0

वादी

बनाम

1. ठण्डीराम पुत्र जोखीराम
2. रामशरण पुत्र जोखीराम जातियान गुर्जर निवासीयान मुण्डावर तहसील मुण्डावर जिला अलवर, राज0
3. राजस्थान सरकार जर्ये लेण्ड हौल्डर श्रीमान तहसीलदार मुण्डावर
4. उप पंजियक मुण्डावर तहसील मुण्डावर जिला अलवर, राज0

प्रतिवादीगण

दावा– तकासमा मय हु0 ई0 दवामी

**–: पर्चा डिक्री :–**

**वादी की ओर से एडवोकेट श्री बस्तीराम यादव व प्रतिवादी स0 1 व 2 की और से वकील श्री रणवीरसिंह यादव की उपस्थिति में इस वाद में आज तारीख 11 / 12 / 2021 को पकज बडगूजर उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, मुण्डावर के समक्ष राष्ट्रीय लोक अदालत में अन्तिम निपटारे के लिए पेश होने पर, आदेश किया जाता है और डिक्री दी जाती है कि :–** न्यायालय वादी के दावे को डिकी किये जाने योग्य पाता है। अतः हाल खं0नं0 734 / 0.80, 735 / 0.36, 736 / 0.44, 737 / 0.71, 738 / 0.01, 739 / 0.29, 740 / 0.57, 741 / 0.29, 742 / 1.16 है0, वाके ग्राम मुण्डावर तहसील मुण्डावर जिला अलवर के बाबत के वादी के वाद को मुताबिक संलग्न राजीनामा एवं नक्शा के अन्तिम डिकी किया जाता है। राजीनामा " प्रर्दश– अ " एवं 'नक्शा प्रर्दश–ब ' उक्त अंतिम निर्णय एवं अंतिम पर्चा डिकी के अभिन्न अंग रहेगे। मुताबिक राजीनामा उभय पक्षकारान के अलग अलग खाता लगान कायम किये जाकर हाल राजस्व रिर्कोड में अमल दरामद किया जावे। तद्दानुसार अंतिम पर्चा डिकी जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील दाखिल जिला लेख भण्डार हो। तहसीलदार, मुण्डावर रिकॉर्ड में अमल करें व निर्णय की पालना सुनिश्चित करे।

**खर्चा पक्षकारान् अपना–अपना वहन करेगें।**

**यह पर्चा डिकी आज दिनांक 11 / 12 / 2021 को मेरे द्वारा लिखायी जाकर बाद हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गयी।**

Signature Not Verified

Digitally signed by Pankaj Badgujar
Date: 2022.07.05 13:14:31 IST
Reason: SelfAttested

( पंकज बडगूजर)

उपखण्ड अधिकारी
मुण्डावर (अलवर) राज0